सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 24 अगस्त, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को सफाई कर्मियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने प्रदेश को साफ–सुथरा रखने के लिए इंदौर के मॉडल से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान में महिलाओं और बच्चों के माध्यम से जागरूकता पैदा एवं लोगों को स्वयं सफाई अभियान में भागीदार बनना होगा। राज्यपाल ने कहा कि सफाई कर्मी हमारे बेहद श्रद्धा और पूरे मनोयोग से कार्य करते हैं। उन्हें आधुनिक उपकरण के साथ–साथ टेक्नोलॉजी का प्रयोग किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए साथ ही उनकी समस्याओं का निरंतर समाधान किया जाना जरूरी है।

इस अवसर पर श्री विनय प्रताप ने राज्यपाल से प्रदेश की निकायों में वर्षों से कार्यरत संविदा/मौहल्ला स्वच्छता समिति सफाई कार्मिकों के नियमितीकरण, उत्तराखण्ड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाए जाने और सफाई कर्मचारियों हेतु बीमा नीति फिर से चालू कराने तथा कर्मचारियों का बीमा 10 लाख किए जाने हेतु अनुरोध किया। राज्यपाल ने उपरोक्त विषयों पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

............0..........